तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 पीएम आवास निर्माण को गति देने के साथ वीबीजीरामजी के कार्यों पर चर्चा



## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 11 तक करें आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर (पूर्ण आवासीय संस्था), जिला कोरिया में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं एवं 9 वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि जारी की गई हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों अपना आवेदन कर सकते है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 14 जुलाई मंगलवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### यातायात जागरूकता पर शोध के लिए मिली पीएचडी की उपाधि | 500 से अधिक शिविरों से 5 लाख लोगों को किया जागरूक

# सड़क सुरक्षा पर शोधः राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त ट्रैफिक मैन महेश बने डॉक्टर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के खैरी गांव निवासी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित ट्रैफिक मैन हवलदार महेश अब डॉ. महेश मिश्रा बन गए हैं।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर ने उन्हें यातायात नियमों के परिपालन संबंधी जागरूकता का अध्ययन छग राज्य के कोरिया जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर किए गए शोध के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. महेश मिश्रा का शोध सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन से जुड़े व्यवहार, नियमों के पालन, दुर्घटनाओं के कारणों तथा जन-जागरूकता पर आधारित है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से किए गए इस



शोध को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि डॉ. मिश्रा केवल शोध तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पिछले दो दशकों से स्वयं के खर्च पर लगातार यातायात जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अब तक वे 500 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर 5 लाख से अधिक लोगों को यातायात नियमों, और सड़क सुरक्षा की जानकारी दे चुके हैं। उनके इस अभियान का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है। इस शोध कार्य का निर्देशन डॉ. रवीन्द्र नाथ शर्मा पीएचडी रसायन शास्त्र एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, श्री सांई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के समाजशास्त्र विषय के अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया गया। वहीं शोध के बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो.महेश शुक्ला अध्यक्ष मध्य भारत सोशियोलॉजी संगठन ने शोध का मूल्यांकन कर अंतिम मौखिक परीक्षा लिया। विदित हो कि डॉ. महेश मिश्रा पहले भी राष्ट्रपति पुलिस पदक, स्वर्ण पदक और अनेक राष्टीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। अब पीएचडी की उपाधि मिलने से उनके नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने विगत 7 वर्षों में मिले सहयोग के लिए अपने माता-पिता, परिवार एवं गुरूजन के डीआईजी राजेश पाण्डेय, कोरिया जिले की तत्कालीन कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, वर्तमान कलेक्टर रोक्तिमा यादव, एसपी रवि कुमार कुर्रे, संत गहिरा गुरु विवि सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले, कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी, शोध समन्वयक डॉ.पीयूष पांडेय, शोध केन्द्र के प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो, शोध समिति प्रमुख डॉ. विश्वासी एक्का, जिला सेनानी संजय गुप्ता, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, मो. आरिफ ढेबर के साथ जनप्रतिनिधि, मीडिया के प्रतिनिधि के प्रति अपना आभार जताया है।

### नौकरी के साथ पीएचडी तक सफर

गौरतलब है कि डॉ.मिश्रा अकादमिक क्षेत्र में एमए संस्कृत, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक प्राप्त हैं। डॉ.महेश नौकरी के साथ अपना शोध कार्य जारी रखा। अपने शोध में कोरिया जिले के नागरिकों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, नियमों के पालन की स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों तथा सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुझावों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विस्तृत अध्ययन किया गया। डॉ.महेश मिश्रा ने वर्ष 2019 में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर द्वारा आयोजित प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके पश्चात वर्ष 2021-22 में कोर्स वर्क सफलतापूर्वक पूर्ण किया व वर्ष 2023 में शोध शीर्षक का पंजीयन कराया। दीर्घकालीन अध्ययन, क्षेत्रीय सर्वेक्षण एवं वैज्ञानिक शोध पद्धति के माध्यम से शोध कार्य को पूर्ण करते हुए जून 2026 में अंतिम मौखिक परीक्षा फाइनल वाइवा संपन्न हुई।

# कार्रवाईः बिना पंजीयन चल रहे 2 क्लीनिक बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में गठित संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जिले में झोला छाप डॉक्टरों एवं बिना वैध पंजीयन संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 7 जुलाई को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा बैकुंठपुर स्थित शोभा डेंटल क्लिनिक एवं नागमाता क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थान छग राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापना पंजीकरण एवं अनुज्ञापन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक पंजीयन के बिना संचालित पाए गए। उल्लंघन पाए जाने पर निरीक्षण दल द्वारा दोनों क्लिनिकों का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया तथा संबंधित संचालकों के विरूद्ध अधिनियम के







प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भविष्य में कोरिया जिले के किसी भी क्षेत्र में बिना वैध पंजीयन संचालित अस्पताल, क्लिनिक, नर्सिंग होम अथवा अन्य स्वास्थ्य संस्थान पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में ऐसे संस्थानों के विरूद्ध निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस निरीक्षण एवं कार्रवाई में आलोक मिंज औषधि निरीक्षक, विकास लकड़ा औषधि निरीक्षक, श्रीमती सरोजनी राय डिप्टी एमईआईओ तथा प्रदीप सूर्यवंशी नर्सिंग होम एक्ट शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के खिलाफ सख्ती 69 प्रकरण न्यायालय में

जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, तस्करी और बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आबकारी विभाग ने अब तक 69 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए हैं, जबकि 12 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आबकारी नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम मधौरा (सोनहत)के पप्पा देव कुमार रजवार, विमला सोमनाथ रजवार तथा ग्राम घुघरा के दीपक धरमपाल के विरुद्ध अवैध मदिरा से संबंधित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार ग्राम डुमरिया (पटना) के देवधारी जायसवाल, ग्राम अंगा के दिगंबर लाल नाई एवं उनके पिता के विरुद्ध अवैध मदिरापान कराने के मामले में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा जमगहना के संतोष श्रीराम, पुटा के मंगल सोमारसाय, कटोलीपारा के सुशील राजवाड़े, ग्राम बुडार के कृष्ण कुमार तथा ग्राम तर्रा के राघव बंधु के विरुद्ध भी गश्त के दौरान अवैध शराब गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# कानफोड़ू मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- सिटी कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर वाहन चेकिंग



अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन बुलेट मोटरसाइकिल चालक मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर अत्यधिक तेज एवं पटाखे जैसी आवाज ⏭ शेष पेज 4 पर

# प्रतिभाओं को मिला मंच 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- तेजस्विनी शाखा ने दिया शिक्षा, पर्यावरण और बेटी बचाओ का संदेश

सामाजिक सरोकारों और बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजस्विनी शाखा, मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा रविवार 6 जुलाई को पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, चनवारीडांड में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा विद्यालय के 142 बच्चों को उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका एवं तेजस्विनी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अनीता





फरमानिया तथा शाखा की सहसचिव श्रीमती मीनू गोयल ने अपने करकमलों से विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी साफ दिखाई दी और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कविता वाचन, पुस्तक वाचन, सुलेख, चित्रकला, रंगोली, कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़ तथा मेढ़क दौड़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों का भी मनोबल बढ़ाया गया। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद विद्यालय के बच्चों ने अतिथियों के समक्ष आकर्षक योगाभ्यास का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित और प्रभावशाली योग प्रदर्शन की अतिथियों एवं उपस्थितजन ने सराहना की। इस दौरान योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर

### बरबसपुर में स्वच्छता चौपाल का आयोजन

**बरबसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण की दिशा में ग्राम पंचायत बरबसपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, शासकीय कर्मचारियों तथा काफी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के उद्देश्य, महत्व एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और प्रबंधन ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण की आधारशिला है। इस अवसर पर ग्रामीणों को चार प्रकार के कचरे गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा तथा स्वच्छता संबंधी अपशिष्ट को अलग-अलग एकत्रित करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक रूप से समझाया गया।

### गंदगी और नशेड़ियों की मौजूदगी से बढ़ी चिंता

# नई सब्जी मंडी के सामने का तालाब बना कूड़ाघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर की नई सब्जी मंडी के सामने स्थित तालाब इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति को लेकर चर्चा में है। कभी आसपास के क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने वाला यह तालाब अब धीरे-धीरे कूड़ाघर में तब्दील होता नजर आ रहा है।

तालाब में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, सड़ी-गली सब्जियां, पॉलीथिन, घरेलू और व्यावसायिक कचरा जमा हो गया है, जिससे न केवल तालाब का अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है बल्कि आसपास का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब के किनारे बनाई गई दुकानों के पीछे का हिस्सा पूरी तरह ओट में होने के कारण असामाजिक तत्वों और



नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। दिन के साथ-साथ शाम के समय भी यहां नशेड़ी जमा होकर नशा करते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। दुकानदारों और ग्राहकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को इस स्थिति से असहजता का सामना करना पड़ता है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तालाब की दुर्दशा के पीछे केवल नगर की सफाई व्यवस्था ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि आसपास के कुछ दुकानदार भी लापरवाही बरतते हुए अपना कचरा सीधे तालाब में फेंक देते हैं। सब्जियों का सड़ा हुआ अवशेष, प्लास्टिक की थैलियां, पैकिंग सामग्री और अन्य अपशिष्ट लगातार तालाब में डाले जा रहे हैं, इसके कारण तालाब का पानी प्रदूषित हो चुका है और दुर्गंध फैलने लगी है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। तालाब में जमा कचरा पानी के साथ सड़ने लगता है, जिससे मच्छरों की संख्या बढ़ने और संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो यह तालाब सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर सफाई अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इस तालाब की नियमित सफाई और निगरानी नहीं होने से स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। लोगों का सुझाव है कि तालाब के आसपास कचरा ⏭ शेष पेज 4 पर





# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई**। दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई। दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

लाइफ Style

# नीति
## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



हॉलीवुड मसाला



# मैं अभी भी सीख रही हूं...

**लॉस एंजेलिस**। हॉलीवुड अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने पति के साथ अपने रिश्ते के अनुभव का साझा किया है। उनका कहना है कि पति जेवियर बार्डेम के साथ उनका रिश्ता सीखने का एक अनुभव रहा है। अभिनेत्री पेनेलोप क्रूज ने कहा कि शादी के 15 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी वह अपने पति जेवियर बार्डम के साथ अपने रिश्ते में "अभी भी सीख रही हैं"। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं (अपने रिश्ते में) अभी भी सीख रही हूं, आप जानते हैं? और मैं ऐसे व्यक्ति के साथ हूं जिसे मैं 33 साल से जानती हूं।



# टेलर-ट्रैविस ने किए 200 करोड़ दान

**लॉस एंजेलिस**। मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी ने दुनियाभर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने मिलकर अलग-अलग सामाजिक संस्थाओं को पूरे करीब 217 करोड़ रुपए का दान दिया है। ये भारी-भरकम दान उन शहरों और राज्यों की संस्थाओं को दिया गया है, जो इस जोड़ी के जीवन से बेहद करीब से जुड़े रहे हैं, जिनमें न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और कैनसस सिटी जैसे इलाके शामिल हैं। दान पाने वाली इन संस्थाओं में मुख्य रूप से न्यूयॉर्क के 'फूड बैंक फॉर एनवाईसी', 'सिटी हार्वेस्ट' और 'म्यूजिकल मेंटर्स' शामिल हैं। कैनसस सिटी के 'चिल्ड्रन्स मर्सी हॉस्पिटल' और रोड आइलैंड के 'कम्युनिटी फूड बैंक' के अलावा कुछ बड़े राष्ट्रीय संगठनों को भी यह दान मिला है।



# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई**। बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई**। विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।

टीवी मसाला

# मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका



**मुंबई**। पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं।

# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई**। बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है। अली और मैं पहले भी फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन पर्दे पर इस तरह के रिश्ते को हमने कभी नहीं निभाया।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल



**मुंबई** । श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है। मैं कहती हूं इससे कि इतने तुम दीवार पर लिखती रहती हो, तुम्हें बड़े होकर टीचर बनना है? तो ये कहती है, नहीं नहीं मैं तो एक्ट्रेस बनूंगी। मैं इससे कहती हूं कि एक्ट्रेसेस ऐसे नहीं लिखतीं।

# सामंथा की फिल्म ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई...



*देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है।*

**मुंबई**। सामंथा रुथ प्रभु की नई तेलुगू फिल्म 'मा इंटी बंगारम' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। महज 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक 90.15 करोड़ रुपए की दमदार कमाई कर ली है। देश-विदेश में टिकटों की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत ये फिल्म अब जल्द ही 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने की कगार पर है। सामंथा रुथ प्रभु की 'मा इंटी बंगारम' ने भारत में 56.10 करोड़ और विदेशों से 25.20 करोड़ बटोरकर इतिहास रच दिया है। महज 10 दिनों में रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर यह सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला-प्रधान तेलुगू फिल्म बन गई है। खास बात ये है कि इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को सामंथा के पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है।
फिल्म में अहम किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस नंदिनी ने फिल्म की सक्सेस की खुशी जाहिर करते हुए अपनी एक पोस्ट में लिखा, इस कहानी को अपनाने के लिए और हमारी हर बात को समझने के लिए और इस फिल्म को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी का शुक्रिया... यह वाकई दर्शकों की जीत है। यह जीत हमें एक अलग ही खुशी दे रही है।

## आई एम नॉट अफरेड 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

# धमाकेदार होगा यह हफ्ता, ओटीटी पर दस्तक देगी धांसू फिल्में-सीरीज

*मुंबई। ओटीटी लवर्स के लिए आने वाला हफ्ता बहुत खास होने वाला है। इस हफ्ते ओटीटी पर कई बॉलीवुड और साउथ की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसी के साथ कई सीरीज भी दस्तक देने वाली हैं।*

**फिल्म 'पेद्दी'** : राम चरण और जान्हवी कपूर की अदाकारी से सजी साउथ की फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाया है। इसमें एक ऐसे खिलाड़ी की कहानी दिखाई गई है जो कई खेल में माहिर है। वह अपने गांव का नाम रौशन करना चाहता है, मगर राजनीति उसके आड़े आती है। यह फिल्म 9 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली है।

**पति पत्नी और वो दो** : आयुष्मान खुराना, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को दर्शकों से



मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। आयुष्मान खुराना ने इसमें ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो शादीशुदा है। उसकी मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब वह दूसरी लड़कियों से मिलता है। यह 10



जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**इक्का** : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्का' में सनी देओल, दीया मिर्जा और अक्षय खन्ना हैं। इसमें एक सम्मानित वकील को उस हत्या के आरोपी का बचाव करना पड़ता है, जिसे उन्होंने पहले दोषी ठहराया था। मजबूरी में इस केस को लेने के बाद, वे अपने पुराने दुश्मन को आजाद कराने के लिए हर नियम को तोड़ते हैं। यह फिल्म 8 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**बाल्टी** : स्पोर्ट्स ड्रामा बाल्टी चार कबड्डी के खिलाड़ियों पर आधारित है। उन्हें एक गैंग परेशान करता है। यह फिल्म मलयालम भाषा में रिलीज हुई थी। इसे हिंदी में भी डब किया गया है। इसे 10 जुलाई से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

**परिमाला एंड कंपनी** : तमिल भाषा की फिल्म 'परिमाला एंड कंपनी' एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर है। इसमें सस्पेंस, फैमिली ड्रामा और ह्यूमर है। इसे पंडिराज ने डायरेक्ट किया है। इसमें जयराम, संजना कृष्णमूर्ति और अनंथिका सनिलकुमार हैं। यह फिल्म 10 जुलाई से जी 5 पर स्ट्रीम होगी।

**आई एम नॉट अफरेड** : मिस्ट्री ड्रामा वेब सीरीज 'आई एम नॉट अफरेड' में एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे अपने घर के पास एक लड़का जमीन के नीचे बंद मिलता है। यह सीरीज 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### रिटेन और रीच पॉलिसी से बढ़ेगी स्काउट गाइड सदस्यता

**कोरबा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को पंचवटी विश्राम गृह के सभागार में जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही जिला, विकासखंड एवं यूनिट स्तर पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव भरत सिंह वर्मा ने आगामी शैक्षणिक सत्र की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। माहवार प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। शिक्षकों के बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय उमा विद्यालय, ग्राम सिंघिया में करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मेंबरशिप ग्रोथ को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रिटेन एंड रीच पॉलिसी अपनाने का निर्णय लिया गया।

### बारिश में नहीं होगी रेत की किल्लत 1 लाख टन रेत का भंडारण

**कोरबा।** बारिश का सीजन शुरू होते ही जिले के सभी नदी नालों में बने रेत घाटों को बंद कर दिया गया है। इस साल भी 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए रेतघाटों को लॉक कर दिया गया है। ऐसे में निर्माण काम व आम लोगों को रेत की किल्लत न हो इसके लिए खनिज विभाग हर साल रेत भंडारण की अनुमति देता है। इस साल 4 सरपंच सहित कुल 17 लोगों को लगभग 1 लाख टन से अधिक रेत भंडारण की अनुमति दी गई है। जिसके तहत भंडारण कर बिक्री का दौर भी शुरू किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 10 जून से वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाती है यही वजह होती है कि वर्षा ऋतु और एनजीटी के नियम के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक हर साल नदी नालों में बने रेत घाटों को विधिवत बंद कर दिया गया है, ताकि नदी नालों में रेत फिर से जमा हो सके। वर्षा ऋतु के दौरान आम लोगों को निर्माण काम में कहीं परेशानी ना हो और आम जनता को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए संयुक्त संचालक प्रमोद कुमार नायक के निर्देश पर सहायक खान अधिकारी राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेत भंडारण के लिए कुल 17 लोगों को भंडारण की अनुमति दी है। जिसमें अलग-अलग स्थान में अलग-अलग मात्रा में रेत का भंडारण किया गया है। मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 1 लाख टन से अधिक रेत का भंडारण किया गया है।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सीपेट स्याहीमुड़ी में संचालित डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के निवासी 10 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### दादरखुर्द में जगन्नाथ रथयात्रा 16 को



**कोरबा।** जिले के ग्राम दादरखुर्द स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की 125वीं ऐतिहासिक रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। करीब सवा सौ वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में हर साल हजारों श्रद्धालु आस्था के साथ शामिल होते हैं। 16 जुलाई की सुबह 8 बजे से विधि-विधान के साथ पूजन प्रारंभ होगा। दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन, शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथयात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नगर भ्रमण करेगी। आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र. ............../
अ-6/2025-26
// ईश्तहार //

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदिका अम्बिका देवी जायसवाल आ. स्व. बंश बहादुर जायसवाल पत्नि श्री प्रमोद जायसवाल निवासी बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 271/24 रकबा 0.1010 हे. व्यपवर्तित भूमि राजस्व अभिलेख में उनके नाम पर दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि अपने पुत्र देवान्शु जायसवाल के पक्ष में पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से दान किये अनुमति बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत की है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 15/07/26 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

### समस्याओं का त्वरित निराकरण न होने पर गेवरा मुख्यालय के महाघेराव की दी चेतावनी

# हैवी ब्लास्टिंग से घरों में गिर रहे पत्थर दरक रहीं दीवारें, दहशत का माहौल



पत्थर गिरने से टूटा हुआ शीट।



ब्लास्टिंग से आयी दीवारों में दरार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नराईबोध के ग्रामीण इन दिनों खदान में होने वाली अत्यधिक हैवी ब्लास्टिंग और प्रबंधन की घोर उदासीनता के कारण दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं एसईसीएल और निजी स्वार्थ सिद्ध करने में जुटे बिचौलियों के गठजोड़ के कारण आज पूरा गांव अपनी बुनियादी मांगों विस्थापन रोजगार मुआवजा और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गेवरा खदान में दोपहर के समय होने वाली ब्लास्टिंग इतनी भीषण होती है कि पूरा नराईबोध गांव दहल उठता है लोग डर के मारे अपने ही घरों से निकलकर बाहर भागने को विवश हैं ब्लास्टिंग के कारण गांव के मकानों और दीवारों में चौड़ी दरारें आ चुकी हैं जिससे मानसून के इस मौसम में कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। हाल ही में एक अत्यंत गंभीर घटना सामने आई जहाँ ब्लास्टिंग का एक बड़ा पत्थर एक गरीब परिवार के घर की एस्बेस्टस शीट को चीरते हुए सीधे कमरे के भीतर जा गिरा जहाँ परिवार के सदस्य आराम कर रहे थे गनीमत रही कि वे बाल-बाल बच गए हद तो तब हो गई जब अगले ही दिन शीट की मरम्मत के दौरान फिर एक जोरदार धमाका हुआ और ठीक उसी जगह दूसरा पत्थर आ गिरा इस जानलेवा लापरवाही के अलावा गांव में बोर और कुएं धंस रहे हैं जिससे पीने के पानी की विकराल समस्या पैदा हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल गेवरा के अधिकारी मौके का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने मामले को दबाने और सांत्वना देने के लहजे में कहा कि सीट टूट गया है सीट के बदले सीट दे देंगे और जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करेंगे इस संवेदनहीन बयान पर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा पीड़ितों ने तीखा सवाल दागते हुए कहा साहब सीट के बदले सीट तो दे दोगे लेकिन अगर इस हादसे में हमारे परिवार के किसी सदस्य की जान चली जाती तो क्या एसईसीएल प्रबंधन जान के बदले जान वापस लौटा पाता? इस घटना ने साबित कर दिया है कि एसईसीएल प्रबंधन के लिए ग्रामीणों की जान की कीमत सिर्फ एक प्लास्टिक या सीमेंट की सीट के बराबर है।

#### त्रिपक्षीय बैठकें बेअसर, अब आर-पार की लड़ाई

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में विस्थापन रोजगार मुआवजा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर बड़े स्तर की त्रिपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं लेकिन एसईसीएल प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण आज तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। ग्रामीणों ने प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इन सभी संवेदनशील समस्याओं का जल्द से जल्द त्वरित निराकरण नहीं किया गया तो समस्त ग्रामवासी मजबूरन एसईसीएल गेवरा मुख्यालय का महाघेराव करेंगे इस आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की जनधन की हानि और कानून-व्यवस्था की स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की पहली जिला बैठक



जिला अध्यक्ष का स्वागत करते पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। जहां कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश दिया गया।

**खास बात**
- 24 मंडलों में बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार का लिया संकल्प

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वतः सशक्त होगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क करें तथा संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बिलासपुर संभाग प्रभारी शांतनु साहू ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान, सामाजिक समरसता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। प्रत्येक मंडल को बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाना होगा।

# सेवा, संवेदना और समर्पण, यही एक महान चिकित्सक की सच्ची पहचान : सविता

**कोरबा।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया द्वारा समाज की निःस्वार्थ सेवा में समर्पित चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

डॉ. रजनी पांडे (कार्डियो एवं डायबिटीज डे-केयर क्लिनिक), डॉ. प्रीतेश (एमबीबीएस), इंदिरा गांधी चिकित्सालय, कोरबा तथा डॉ. विशाल राजपूत का परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का साहित्य, गायत्री मंत्र पट्टी, सम्मान-पत्र एवं फल भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में दिया नारी शक्ति प्रमुख सुश्री सविता साहू, लावण्या श्री अध्यक्ष आरती आदित्य तथा दिया नारी शक्ति सचिव श्रीमती नेहा सिंह ने चिकित्सकों के सेवा-भाव, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएँ एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नारी शक्ति प्रमुख साहू ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते बल्कि अपने ज्ञान, करुणा और सेवा-भाव से समाज को स्वस्थ, सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सेवानिवृत्ति शासकीय सेवक के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय में हाल ही में निगम के सेवानिवृत्त हुये अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुये कहा कि सेवानिवृत्ति एक नौकरीपेशा व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण पडाव है, जहां पर वह नौकरी के दायित्व से मुक्त होकर अपने पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों को और अधिक सक्रियता व अधिक समय देकर निर्वहन करने के लिये आगे बढ़ता है तथा अपने पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता है। उन्होने इन अधिकारी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप समयाभाव के कारण जो शौक पूरा नहीं कर पाएं, उन्हें पूरा करिए तथा घर, परिवार व समाज को अपना पूरा समय दीजिए।

**खास बात**
- निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का किया गया सम्मान

नगर निगम के सभाकक्ष में बुधवार को निगम के हाल ही में सेवानिवृत्त हुये अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन कार्यालयीन समय के पश्चात किया गया, वर्ष 2026 में वर्तमान तक निगम के 16 अधिकारी कर्मचारी निगम की सेवा से निवृत्त हो चुके हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इन अधिकारी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिये अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं एवं उनकी गहन कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुये शायराना अंदाज में कहा कि आप सबके साथ वक्त कैसे बीता, पता ही न चला, आपने दिल कैसे जीता पता ही न चला।

# हसदेव दर्री बराज का खोला गया एक गेट, देर शाम कम हुआ वाटर लेवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले दो दिनों से जिले में हो रही लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं जिसकी वजह से बांध का वाटर लेवल लगातार बढ़ते ही जा रहा था। बढ़ाते वाटर लेवल को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अफसर ने दोपहर को हसदेव दर्री बराज का एक गेट खोल दिया है।

**खास बात**
- गेट नबर 4 से 5483 क्यूसेक चोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में पानी
- 12 घंटे में बांगो बांध का वाटर लेवल बढ़ा 20 सेमी



देश शाम तक वाटर लेवल कम हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि यदि बारिश कम होती है तो निश्चित तौर पर गेट बंद कर दिए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का वाटर लेवल पिछले 12 घंटे में 20 सेमी बढ़ा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है। सोमवार की सुबह से झमाझम बारिश हो रही है जिसके चलते जिले के प्रमुख नदी नाले उफान पर हैं जिसके चलते जल संसाधन विभाग के अफसर लगातार हसदेव दर्री बराज के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए थे। लगातार बांध में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे बांध का गेट नंबर 4 को 4 फीट खोला गया जिससे हसदेव नदी में 5483 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक देर शाम को हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल 941.2 फीट पहुंच गया था। यदि देर रात तक बारिश का सिलसिला थम जाता है तो गेट नंबर 4 को बंद कर दिया जाएगा।

# सतरेंगा में घूमने गए 6 दोस्तों में से एक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक का शव निकालते हुए।

शहर के आधा दर्जन युवक घूमने के लिए सतरेंगा बांगो डूबान गए हुए थे। जहां दोपहर को सभी लोग डूबान क्षेत्र में नहा रहे थे इसी दौरान नहाने के दौरान एक 24 वर्षीय युवक डूबान क्षेत्र के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जब दोस्तों की नजर पड़ी तो उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिसके उपरांत इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस और नगर सेना की टीम मौके पर पहुंची जहां घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से लापता युवक को खोजने में सफलता मिली। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शहीद भगत सिंह कॉलोनी में निवासरत सुधांशु कुमार ध्रुव 24 वर्ष पिता योगेश कुमार ध्रुव अपने पांच अन्य साथियों के साथ रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर सतरेंगा बांगो डूबान घूमने गए हुए थे जहां सभी लोग डूबान क्षेत्र में नहा रहे थे कि इसी दौरान सुधांशु ध्रुव डूबान क्षेत्र के गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। सुधांशु को डूबता देख वहां मौजूद उसके दोस्तों बचने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली और वह गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद लेमरु थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

**TOP IN KORIYA**
**GURUKRIPA COLLEGE**
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

# महतारी वंदन की 5 हजार से अधिक महिलाओं का नहीं हुआ केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महतारी वंदन योजना के लाभार्थी हितग्राहियों के लिए ई केवायसी की प्रक्रिया के तहत 30 जून तक तिथि निर्धारित किए जाने से 5 हजार से अधिक महिलाओं के ईकेवायसी नहीं होने के कारण जुलाई महीने की किश्त को लेकर तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि केवायसी के लिए समय दिए जाने से हितग्राहियों को राहत जरूर मिली है।

**खास बात**
- केवायसी का समय बढ़ाए जाने से हितग्राहियों को मिलेगी राहत



सरकारी योजनाओं में दिए जाने वाली धनराशि के लिए आम हितग्राहियों के बैंक खातों का ई केवायसी आवश्यक किए जाने के बाद च्वाइस सेंटर से लेकर नगर निगम के जोन कार्यालय तक लाभार्थी हितग्राहियों की भीड़ नजर आ रही है। पूर्व में 30 जून तक ई केवायसी की अंतिम तिथि तय की गई थी। इससे च्वाइस सेंटरों में भरी गर्मी के बीच महिलाओं की भीड़ सुबह से पहुंच जाती थी। उसके बावजूद 5103 महिलाओं का ई केवायसी नहीं हुआ था। ऐसे हितग्राहियों को जुलाई माह की किश्त को लेकर तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। शासन के नियमों के मुताबिक बिना केवायसी के किसी भी बैंक खातों में शासकीय योजनाओं से दी जाने वाली राहत राशि नहीं जारी की जाएगी। यही कारण है कि केवायसी के लिए शासन की ओर समय दिया गया है। इससे उन हितग्राहियों को राहत मिली है जो केवायसी नहीं करा सके थे।

### गली में खेल रही मासूम के उपर गिरा बिजली तार, मौत

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस बस्ती निवासी राधे पांडेय की 6 वर्षीय पुत्री निधि उर्फ ज्योति पांडेय रविवार की दोपहर अपने गली में खेल रही थी इसी दौरान बांस की पोल गाड़कर एक युवक द्वारा युवक द्वारा लाईन खींची गई थी वह बांस की पोल और विद्युत प्रवाहित तार अचानक टूटकर गिर गई।

CARDINAL WARRIORS
School with Josh & Hosh
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Affordable School + Sainik School Preparation
"Build Discipline, Intelligence & Future Defence Leaders from Early Classes"
★ Integrated Abacus + Vedic Maths
★ AISSEE Exam Preparation (No Extra Cost)
★ Focus on NDA + SSB Foundation
★ Modern Science & Technology Lab
★ Separate Boys and Girls Hostel
★ Admission Closing Soon
Limited Seats - Register Now
7880006456
Major Pravin Singh (Retd.)
Branch
Raipur, Bhilai, Manendragarh
NH 43, Lai Village, Near Hasdeo River Bridge, Manendragarh 497442

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए गए अंबिकापुर बीईओ

**अम्बिकापुर।** भ्रष्टाचार एवं तानाशाही की शिकायतें मिलने पर अंबिकापुर बीईओ प्रदीप राय को उनके पद से हटा दिया गया है। कलेक्टर सरगुजा अजीत बसंत ने विकासखण्ड कार्यालय अंबिकापुर में व्याप्त भ्रष्टाचार व तानाशाही की लंबी शिकायत के बाद कार्रवाई की है। बीईओ अंबिकापुर के विरूद्ध कई बार गंभीर शिकायतें मिली थी। शिकायत थी कि बीईओ कार्यालय में बिना पैसे के लेनदेन कोई कार्य नहीं होते। छोटे-छोटे कार्यों के लिए वहां पदस्थ बाबुओ द्वारा बेधड़क पैसों की मांग की जाती थी। आज कलेक्टर सरगुजा ने कार्रवाई करते हुए बीईओ प्रदीप राय को उनके पद से मुक्त कर दिया। अब उनके स्थान पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार जब्बर सम्हालेंगे। प्रदीप राय को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अटैच कर दिया गया है। साथ ही कलेक्टर सरगुजा के आदेश पर जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा एवं श्रीमती ऋतु साहू उप संचालक जिला पंचायत सरगुजा बीईओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं तानाशाही की शिकायतों की जांच करेंगे।

### मोड़ पर ब्रेक मारने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी स्कूली बस

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत मसगा गांव में बारिश के दौरान ब्रेक मारने के बाद टर्निंग में फिसलने के कारण स्कूली बस अनियंत्रित होकर सकरे रास्ते खेत में पलटी गई। बताया जा रहा है कि एचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के 20 से 25 स्कूली बच्चे बस में सवार थे जिनको सुरक्षित वाहन से निकाला गया। इधर स्कूली बस के खेत में पलट जाने से बच्चों में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना के बाद स्कूली बच्चों को ग्रामीण एवं परिजन प्रतापपुर अस्पताल पहुंचे, जहां बच्चों को मामूली चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बच्चों की छुट्टी कर दी है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर निवासी दीपचंद उइके (23 वर्ष) अपने छोटे भाई नान्हू व बहू के साथ पुराने घर में रहता था तथा 2 जुलाई को नान्हू जंगल गया था और शाम को घर पहुंचा तो बड़े भाई द्वारा कमरे में फांसी लगाने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी लगने पर नान्हू अस्पताल गया तो चिकित्सकों ने दीपचंद को रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गत दिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### गैंगस्टर सब्बीर चला रहा था बस और एम्बुलेंस

**अम्बिकापुर।** गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टर सब्बीर आलम ने सरगुजा में भी अपना एक साम्राज्य खड़ा कर दिया था। दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस कस्टडी से फरार होने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ शहर में पिछले 13 सालों से रह रहा था। इस दौरान उसने शहर में आलीशान मकान बनाने के साथ ही बस व एम्बुलेंस संचालन का काम भी किया। बड़ी बात यह है कि गैंगस्टर को शहर में इतने वर्षों से संरक्षण दिया जा रहा था। आरोपी की पहचान छिपाने के साथ ही शहर के बस के संचालक ने ना सिर्फ उसे पनाह दी बल्कि उसके साथ पार्टनरशिप भी किया। अब इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने बस संचालक और उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दिया है।

बारिश के बीच उत्साह के साथ रोजगार सह आवास दिवस पर आयोजन

# पीएम आवास निर्माण को गति देने के साथ वीबीजीरामजी के कार्यों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में पूरे जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मंगलवार को रोजगार सह आवास दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने अधिकाधिक उपस्थिति के बीच अपने गांव के विकास के लिए लागू की गई वीबीजीरामजी योजना में हितग्राहियों को मिलने वाले हितलाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों की भरपूर सहभागिता के बीच रोजगार सह आवास दिवस मनाया गया।

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 जुलाई को प्रधानमंत्री आवास की प्रगति पर और उसके सभी विषयों जैसे जियो टेगिंग, किश्त भुगतान, संसाधनों की उपलब्धता और आपूर्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। हितग्राहियों ने कहा कि बारिश में खेती के साथ-साथ हम अपने आवास कार्यों को भी जल्द पूरा करेंगे। विदित हो कि कोरिया जिले में कुल 16 हजार 383 आवास स्वीकृत किए गए हैं, इनमें से 11 हजार 222 आवास कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में लगभग 5 हजार प्रधानमंत्री आवास प्रगतिरत हैं और हितग्राहियों को कार्यप्रगति अनुसार अनुदान की किश्तें प्रदान की जा रही हैं। विकसित भारत जीरामजी योजना के तहत ग्रामीणों में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है।

आज रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को योजना के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अब पंजीकृत श्रमिकों को एक साल में 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने वाली इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को एक कार्यदिवस में 300 रूपए की मजदूरी प्राप्त होगी। ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर कार्य की मांग भी एकत्र की गई। जिससे उन्हें गांव में कार्य की उपयोगिता और आवश्यकतानुसार अकुशल श्रम कार्यों में नियोजित किया जा सके। ग्राम रोजगार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में पूर्ण कार्यों के जियो टेगिंग के साथ आवास के किश्तों के भुगतान के लिए लंबित जियो टेगिंग कार्य पूर्ण किया गया। साथ ही अकुशल श्रमिकों को आज मनरेगा के अपूर्ण कार्यों की पूर्णता के लिए आगामी कार्ययोजना पर बात की गई। ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को कार्य की मांग कार्य का आवंटन, ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली से लेकर मजदूरी भुगतान व अन्य लाभों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए ग्राम पंचायत की समस्त जानकारी क्यू आर कोड के माध्यम से प्राप्त करने के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

### शिकायत और मांग का निराकरण

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार रोजगार सह आवास दिवस में 7 जुलाई को ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों की मांग और समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल की गई। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि आज रोजगार एवं आवास दिवस में प्रत्येक योजना के हितग्राही से संबंधित माग और शिकायतों पर कार्रवाई की गई। ज्यादातर मांग जियो टेगिंग के बाद आवास की किश्तों के भुगतान की रहीं जिसे आज ही चिन्हांकित कर पूर्ण कराया गया। रोजगार सह आवास दिवस में आम ग्रामीणों को मौके पर ही समस्याओं का हल मिलने से आयोजन की सार्थकता साबित हुई।

# संलग्नीकरण समाप्त होने के बाद अब नियमित निगरानी की चुनौती

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़






जिले में शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में शासन के निर्देशानुसार बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए शिक्षा विभाग के शिक्षकों का वर्षों से चला आ रहा संलग्नीकरण (अटैचमेंट) समाप्त कर दिया गया है। इसके बाद सभी शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना वाले विद्यालयों में वापस भेजा गया, जहां अधिकांश शिक्षकों ने अपनी जॉइनिंग भी कर ली है। हालांकि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या केवल जॉइनिंग कर लेना ही पर्याप्त है, या फिर शिक्षक प्रतिदिन नियमित रूप से अपने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और अभिभावकों का मानना है कि संलग्नीकरण समाप्त होने का वास्तविक उद्देश्य तभी सफल माना जाएगा, जब प्रत्येक शिक्षक अपने मूल विद्यालय में नियमित उपस्थिति दर्ज कराते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ शिक्षण कार्य करेगा। यदि जॉइनिंग के बाद भी विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति बनी रहती है या पढ़ाई प्रभावित होती है, तो शासन के इस महत्वपूर्ण निर्णय का अपेक्षित लाभ विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाएगा। जानकारों का कहना है कि अब शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी पहले से अधिक बढ़ गई है। जिला शिक्षा अधिकारी सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान केवल उपस्थिति पंजी ही नहीं, बल्कि कक्षाओं का संचालन, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, समय पर पाठ्यक्रम का संचालन तथा विद्यालयों की समग्र व्यवस्था का भी गंभीरता से मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) योजना की नियमित निगरानी भी बेहद जरूरी मानी जा रही है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं पर्याप्त मात्रा में भोजन मिले। भोजन की स्वच्छता, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, रसोईघर की साफ-सफाई तथा मेन्यू के पालन की भी समय-समय पर जांच होनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा के साथ बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। अभिभावकों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश विद्यार्थी शासकीय विद्यालयों पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे और मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था भी बेहतर होगी, तो विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ विद्यालयों में उनकी उपस्थिति भी बढ़ेगी। शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि केवल आदेश जारी कर शिक्षकों को मूल पदस्थापना स्थल पर भेज देना पर्याप्त नहीं है। व्यवस्था की वास्तविक सफलता नियमित मॉनीटरिंग, जवाबदेही तय करने और लापरवाही पर प्रभावी कार्रवाई से ही सुनिश्चित होगी। इसके लिए तकनीकी निगरानी, औचक निरीक्षण और सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्त करने का निर्णय शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। अब आवश्यकता इस बात की है कि जिला शिक्षा विभाग नियमित निरीक्षण के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें तथा प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा के साथ स्वच्छ, पौष्टिक और पर्याप्त मध्यान्ह भोजन भी उपलब्ध हो।

# राज्य मंत्री दिलीप ने दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए रोका काफिला



हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

■ घायलों को खुद एम्बुलेंस से भिजवाया अस्पताल

मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने संवेदनशीलता और मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की। अनूपपुर से बिजुरी लौटते समय बैहा टोला टोल प्लाजा के पास एक सड़क दुर्घटना को देख मंत्री तुरंत अपना वाहन रूकवाए और पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का काफिला जब बैहाटोला टोल के समीप से गुजर रहा था, तभी वहां एक सड़क हादसा हुआ नजर आया। सड़क पर घायल लोगों को तड़पता देख मंत्री श्री जायसवाल ने बिना एक पल गंवाए तत्काल अपनी गाड़ी रूकवा दी। उन्होंने खुद मौके पर जाकर घायलों का हाल जाना और तुरंत एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाई। मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने देखरेख में सभी घायल नागरिकों को एम्बुलेंस में सुरक्षित बैठवाकर तत्काल अस्पताल के लिए रवाना किया। मंत्री श्री जायसवाल केवल घायलों को अस्पताल भेजकर ही नहीं रुके, बल्कि उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित क्षेत्र के चिकित्सकों से मोबाइल के जरिए सीधे चर्चा की। उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी घायलों को त्वरित और समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

# सेजस जनकपुर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत




हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

■ विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जनकपुर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर मार्चपास्ट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती रविशंकर सिंह रहीं। उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष कौशल पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का चंदन तिलक, पुष्पमाला, पाठ्यपुस्तक एवं मिष्ठान देकर आत्मीय स्वागत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद साहू ने स्वागत उद्बोधन में शाला प्रवेशोत्सव को बच्चों के उज्जवल भविष्य की आधारशिला बताते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि यशवंती रविशंकर सिंह ने विद्यार्थियों से मेहनत और लगन से अध्ययन कर परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विकासखंड के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मान किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने न्योता भोज में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन उमेश पांडेय तथा आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी वीरेन्द्र चौधरी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




■ साप्ताहिक समय-सीमा बैठक

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विभिन्न विभागीय योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं जनकल्याणकारी योजनों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में सुशासन तिहार शिविरों एवं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही किसानों के एग्री-स्टैक पंजीयन में तेजी लाने तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निराकरण करने तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित अभिलेख एवं जानकारी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

मानसून को देखते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ गिरने एवं विद्युत संबंधी आपात स्थितियों से निपटने की पूर्व तैयारी रखने तथा संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जलाशयों एवं नहरों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के पश्चात आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में शिकायतों एवं मांगों से संबंधित 41 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर उमेश पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत अमित कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जंगली खुखड़ी पुटू खाकर एक ही परिवार के 9 लोग बीमार, 3 बच्चे भी शामिल

**वाड्रफनगर।** बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली मशरूम पुटु खाने वालों की संख्या बढ़ गई है। इस दौरान विषैला मशरूम खाकर लोग बीमार भी पड़ रहे है। जिले के मुरकौल में भी जंगली पुटु खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है। पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत पर 9 ग्रामीणों को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। बीमारों में तीन बच्चे भी शामिल है। फूड प्वाइजनिंग के कारण दो लोगों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मुरकौल इवासी महेंद्र राम व पलमा निवासी जयकरण के द्वार जंगल से जगली पुटू लाया गया था। परिवार के सदस्यों ने घर में जंगली मशरूम बनाकर खाया और जंगली मशरूम खाने के बाद सभी परिवार के सदस्यों की तबियत बिगड़ने लगी। परिवार के सदस्यों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत थी। 9 ग्रामीणों की हालत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। इस दौरान बीएमओ डॉ. हेमंत दीक्षित के नेतृत्व में बीमारों का उपचार किया जा रहा है। फूड प्वाइजनिंग से बीमार पड़ने वालों में तीन बच्चे भी शामिल है।




## पृष्ठ 1 का शेष

### कानफोडू मॉडिफाइड ...

निकालते हुए वाहन चलाते पाए गए, जिससे आम नागरिकों को असुविधा एवं ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। पुलिस द्वारा तीनों वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182 अ (4) के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 5,000 के हिसाब से कुल 15,000 का चालान किया गया। साथ ही वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर को अधिकृत मैकेनिक की सहायता से निकलवाकर जब्त किया गया तथा वाहनों में पुनः मानक (ओरिजिनल) साइलेंसर लगाने की समझाइश दी गई। लोकनाथ साहू वाहन क्रमांक सीजी 11बीक्यू 2027, सुमित पहुंचेल वाहन क्रमांक एमसपी 65 जेडसी 5601, विकास सिंह वाहन क्रमांक्र जेएच 09 एएस 1997, कुल वाहन 3 बुलेट मोटरसाइकिल, कुल चालान राशि 15,000, मॉडिफाइड साइलेंसर 03 जब्त किए गए। कार्रवाई मोटरयान अधिनियम की धारा 182 अ (4) के तहत किया गया। मनेन्द्रगढ़ कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा आमजन की शांति भंग करने वालों के विरूद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस एमसबी आम नागरिकों से अपील करती है कि वाहनों में अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाएं, यातायात नियमों का पालन करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। इसमें भारी जुर्माना और 6 माह की जेल का प्रावधान भी है।

### प्रतिभाओं को मिला ...

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण विद्यालय परिसर में आयोजित पौधरोपण रहा। तेजस्विनी शाखा के पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया ने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और सामाजिक मूल्यों की भी सीख देना आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का संदेश देते हुए समाज से बेटियों की शिक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तेजस्विनी शाखा की सचिव श्रीमती तोशी अग्रवाल, सहसचिव श्रीमती मीनू गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता अग्रवाल, सदस्य श्रीमती पुष्पा अग्रवाल सहित शाखा की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार ने तेजस्विनी शाखा, मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नई सब्जी मंडी के...

फेंकने पर प्रतिबंध संबंधी सूचना बोर्ड लगाए जाएं, पर्याप्त संख्या में डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएं और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। इसके अलावा दुकानों के पीछे के हिस्से में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाने की भी मांग उठ रही है, ताकि नशेड़ियों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। नागरिकों का मानना है कि यदि प्रशासन, नगर पालिका और स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से संयुक्त प्रयास किए जाएं तो इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित इस तालाब की वर्तमान स्थिति न केवल नगर की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के दावों को भी चुनौती दे रही है। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि तालाब की तत्काल व्यापक सफाई कराई जाए, कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह तालाब पूरी तरह कचरे का ढेर बन सकता है और शहर के लिए एक बड़ी पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्या का रूप ले सकता है।